RAF SECTOR

NEWS CLIP

23/05/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan (Aligarh,UP)

आरएएफ बटालियन में मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस पर अधिकारियों और कार्मिकों को आतंकवाद के खिलाफ डटकर लड़ने की शपथ दिलाते हुए।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ने की शपथ दिलाई

अलीगढ़। आरएएफ 104 बटालियन के प्रांगण में मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में द्वितीय कमांडेंट भवेश चौधरी ने कहा कि आज ही के दिन भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। जिनकी पुण्यतिथि पर ही आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कार्मिकों को आतंकवाद के खिलाफ डटकर लड़ने की शपथ दिलाई।

भारत
लोक उद्य
रेल विकास
निदेशक
पद के लिए आवेद
लोक उद्यम चयन बोर्ड
अंतिम तिथि 24 जून, 2
जानकारी के
http://www
पर लो

Hari Bhoomi (Bhopal,MP)

समर कैंप में स्वीमिंग, कुकरी और मिमिक्री भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ 107 बटालियन के तत्वावधान में हिनोतिया के आरएएफ कैंप में 107 बटालियन के कमांडेंट एसएम हबीब असगर के निर्देशन में समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें 135 बच्चों ने भाग लिया है। 107 बटालियन के कमांडेंट असगर ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्सुक और खुद को हर क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाना तथा बच्चों को पढ़ाई के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की सृजनात्मकता पैदा करना है, इसमें योगा, स्वीमिंग, महिलाओं के लिए कुकरी क्लास, चित्रकारी, क्विज व स्पीच प्रतियोगिता व मिमिक्री का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त ब्रेनकोड एबेकस एज्युकेशन संस्थान के द्वारा अबेकस क्लास का संचालन किया गया, जिसमें सिविल संस्थान के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के उपकरणों से प्रैक्टिकल एवं मौखिक रूप में जानकारी प्रदान की गई।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।